न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती शकुन्तला चौधरी आरएएस

प्रकरण सं0 : 174/2022

अनवान :

रूलीचन्द पुत्र शिवनाथसिंह जाति जाट निवासी सुरतपुरा तहसील भादरा।

:- वादी

बनाम

1. शिवनाथसिंह पुत्र रामू जाति जाट निवासी सुरतपुरा तहसील भादरा।
2. दयाराम पुत्र शिवनाथसिंह जाति जाट निवासी सुरतपुरा तहसील भादरा।
3. उर्मिला पुत्री शिवनाथसिंह जाति जाट निवासी सुरतपुरा तहसील भादरा।
4. चन्द्रकला पुत्री शिवनाथसिंह जाति जाट निवासी सुरतपुरा तहसील भादरा।
5. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) भादरा।

:- प्रतिवादीगण

आज यह वाद मुझ शकुन्तला चौधरी सहायक कलक्टर फास्ट-ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री विनोद पूनियां एवं वकील प्रतिवादीगण श्री उम्मेद मोठसरा की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादी सावित होने के कारण मुताबिक राजीनामा आंशिक डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा सुरतपुरा के खाता सं0 211/190 के मु0न0 166 के किला न0 3/1, 4 ता 7, 8/1, 13/1, 14 ता 17, 18/1 मु0न0 167 के किला नं0 10 व 11 की 3.516है0 बारानी की खातेदारी भूमि प्रतिवादी सं0 1 शिवनाथसिंह के नाम तथा रोही मौजा सुरतपुरा के खाता सं0 150/141 के मु0न0 146 कि0न0 18 ता 22, मु0न0 147 कि0न0 16, मु0न0 165 कि0न0 25 मु0न0 166 कि0न0 21 ता 24, मु0न0 167 कि0न0 1 व 2, मु0न0 168 कि0न0 2 ता 4 की 4.0480है0 बारानी में प्रतिवादी सं0 1 शिवनाथसिंह के नाम 1/4 हिस्सा राजस्व रिकार्ड में दर्ज कृषिभूमि जिसमें से प्रतिवादी सं0 1 शिवनाथसिंह का नाम कलमजन कर वादी रूलीचन्द व प्रतिवादी सं0 2 दयाराम को वहिस्सा बराबर के खातेदार घोषित किये जाते हैं। चूंकि प्रतिवादी सं0 1 शिवनाथसिंह, प्रतिवादी सं0 3 उर्मिला व प्रतिवादी सं0 4 चन्द्रकला ने अपना हक हिस्सा वादी रूलीचन्द व प्रतिवादी सं0 2 दयाराम के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है। रोही मौजा सुरतपुरा के खाता सं0 211/190 के मु0नं0 62 के किला नं0 22/1, 22/2, 23 मु0न0 74 के किला न0 2/1, 2/2, 2/3, 3/1, 3/2, 8/1, 8/2, 9/1 की कुल 1.0500है0 बारानी मय रास्ता कृषिभूमि प्रतिवादी सं0 1 शिवनाथसिंह के नाम यथावत रखी जाती है। यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरुस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 06.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) भादरा (हनुमानगढ़)

(शकुन्तला चौधरी) R.A.S.

सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)

भादरा, जिला हनुमानगढ़

Scanned with CamScanner